an>

Title: Need to accord approval for construction of roads connecting religious places of Rajasthan.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) ः मैं अपने संसदीय क्षेत्र के एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 76 भटेवर से माक्ली होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 ए से नाथद्वारा, कुम्भलगढ़, गढ़बोर, चारभुजाजी से देसुरी तक प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने हेतु सड़क निर्माण की परियोजना को शीघ्र स्वीकृत कराने की आवश्यकता है क्योंकि इस परियोजना के पूर्ण होने से राजस्थान के पाली, राजसमन्द, उदयपुर के कई गांव और कस्बे इससे जुड़ जायेंगे। उक्त प्रस्तावित मार्ग पर्यटन के क्षेत्र में विशेष लाभकारी होगा और दूसरा महत्वपूर्ण व्यवसाय खनिज भी लाभान्वित होगा। प्रस्तावित हाइवे के बनने से कई दूर-दराज के कस्बे और गांव जिनको उच्च शिक्षा, अच्छी चिकित्सा सुविधा एवं अन्य कई सुविधायें जो कि वर्तमान में अच्छी सड़क नहीं होने के कारण नहीं मिल पाती वह आसानी से उपलब्ध होगी। इसके साथ ही रोज़गार के अवसर भी क्षेत्र को उपलब्ध हो पायेंगे।

अतः मैं माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग करता हूं कि इस परियोजना को शीघ्र स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ करायें जिससे कि क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो।